नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पास)

क्रमांक :– एफ 13 ( ) उपा.राज.द्वितीय/ननिजहै/2023/ 537 दिनांकः– 04-09-2023

मैसर्स सनसिटी प्रोजेक्टस प्रा.लि.
(जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मनोज नरेनिया, महाप्रबन्धक)
पताः– सनसिटी बिजनस टावर, द्वितीय फ्लोर,
सेक्टर–54, गोल्फ कोर्स रोड, गुरूग्राम–122002
हरियाणा।

विषयः– भू.सं. डी–49 व ओ–18ए (पार्ट) पुर्नगठित, सी–स्कीम, जयपुर का नाम हस्तातंरण बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्डर टेकिंग, विक्रय पत्र एवं मुख्त्यारनामा की प्रतियां व अन्य दस्तावेजों की प्रमाणित फोटो प्रतियों के आधार पर भू0 सं0 डी–49 व ओ–18ए (पार्ट) पुर्नगठित, सी–स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 3269.51 व.मी. में से 111.48 व.मी. रोड वाईडिंग हेतु समपर्ण के पश्चात् क्षेत्रफल 3158.03व.मी. का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का अन्य किसी के अधिकारों को प्रभावित किये बिना उन्हीं नियमों एवं शर्तो पर आपके नाम से स्वीकार किया जाता है जिन नियमों एवं शर्तो के आधार पर उक्त भूखण्ड का आवंटन श्री चुन्नीलाल बत्रा व श्री सत्यगुरू प्रसाद को किया गया था।

उपरोक्त हस्तान्तरण केवल नगर निगम जयपुर, हैरिटेज द्वारा मानचित्र अनुमोदन करने एवं ऋण इत्यादि प्राप्त करने के लिए निगम के रिकार्ड में इन्द्राज किया जाता है। इस हस्तान्तरण से आपको उपरोक्त भूखण्ड के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद होने पर कानूनी हक प्राप्त नहीं होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों में अगर कोई तथ्य भिन्न पाये जाते हैं तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी एवं नाम हस्तान्तरण पत्र स्वतः ही निरस्त (Prima facic ab-initio void) समझा जावें।

(सुरेन्द्र सिंह यादव)
उपायुक्त राजस्व (द्वितीय)
नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

प्रतिलिपिः–ओसवाल डाटा प्रोसेसर को भेजकर लेख है कि भू0 सं0 डी–49 व ओ–18ए (पार्ट) पुर्नगठित, सी–स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 3776.96 वर्गगज का नाम हस्तातंरण उपरोक्तानुसार हो चुका है। कृपया इसे कम्प्यूटर में दर्ज करने का श्रम करें।

उपायुक्त राजस्व (द्वितीय)
नगर निगम जयपुर, हैरिटेज